**Regarding construction of bridges over river and canals in Shravasti Parliamentary Constituency**

श्री राम शिरोमणि वर्मा **(श्रावस्ती) :** सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, हमारा संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती और बलरामपुर उत्तर प्रदेश का सबसे पिछड़ा हुआ जनपद है, जो भारत-नेपाल सीमा से लगे तराई क्षेत्र में है, जहां से होकर राप्ती नदी, बूढ़ी राप्ती नदी के साथ-साथ नेपाल से आने वाले कई पहाड़ी नाले बहते हैं, जिनमें बरसात के दिनों में लगभग हर साल बाढ़ आने के कारण भारी जान-माल का नुकसान होता है । यहां पक्के पुल न होने के कारण आज भी लोग नावों के द्वारा नदी पार करते हैं, जिससे नाव पलटने और जान जाने का खतरा हमेशा बना रहता है, जिन पर जनहित में पक्के पुल का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है ।

सभापति महोदय, जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी पर विकास खंड तुलसीपुर के ग्राम पंचायत बेला घाट पर पक्के पुल का निर्माण होना चाहिए । विकास खंड श्रीदत्तगंज बेलहा मार्ग के ग्राम पंचायत खमरिया घाट पर पुल का निर्माण होना चाहिए । हरैया सतघरवा ब्लॉक मुख्यालय के ग्राम पंचायत के ढोढरी घाट पर पुल का निर्माण होना चाहिए । विकास खंड बलरामपुर के ग्राम पंचायत पैगापुर के आवर घाट पर पुल का निर्माण होना चाहिए । ग्राम पंचायत भिटौढ़ी घाट, विकास खंड श्रीदत्तगंज बलरामपुर उतरौला मार्ग पर पुल का निर्माण होना चाहिए । ग्राम पंचायत गोपालपुर, करमहना घाट-बलरामपुर बेलहा मार्ग को जोड़ने वाले रास्ते पर पुल का निर्माण होना चाहिए ।

इसी तरह बुढ़ी राप्ती पर ग्राम पंचायत भगवानपुर खादर के भगवानपुर घाट पर सिद्धार्थनगर और पचपेड़वा के बीच पुल का निर्माण होना चाहिए । साथ ही, ग्राम पंचायत सुस्ता हरनहवा के पूर्वी घाट -बेलहा गैसड़ी तुलसीपुर को जोड़ने वाले मार्ग पर पुल का निर्माण होना चाहिए । और भाभर नाले पर नेपाल से नाले से निकला हुआ ग्राम पंचायत रजडेरवाँ थारू मुख्यालय (भारत नेपाल सीमा) पर और ग्राम पंचायत सेमगढड़ा पचपेड़वा ब्लॉक गैसड़ी पहाड़ी नाले (पथराहवा नाले) पर पुल का निर्माण होना चाहिए । इसी तरह से जनपद श्रावस्ती में राप्ती नदी पर मथुरा घाट ग्राम पंचायत राजघर गुलरिहा विकास खंड इकौना पर पुल का निर्माण होना चाहिए ।

सभापति महोदय, आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि इन तमाम जगहों पर जनहित में पक्के पुल का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है । अत: आपके माध्यम से भारत सरकार और उत्तर प्रदेश की डबल इंजन की सरकार से मेरी मांग है कि इन सभी जगहों पर जनहित में जल्द से जल्द पक्के पुल निर्माण कराया जाना आवश्यक है ।

माननीय सभापति **:** आप बिस्कोहर-पचपेड़वा के बीच में छगड़ेवा पुल कैसे भूल गए?

श्री छोटेलाल जी ।